केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान, सहारनपुर
**CENTRAL PULP & PAPER RESEARCH INSTITUTE**
**SAHARANPUR (UTTAR PRADESH)**
**Email: cppripurchase@gmail.com**
**Web Site: http://www.cppri.res.in**

पत्रांक सं0– CPPRI/PUR/DISPOSAL OF SCRAP/2024-25 दिनांक:- 22/10/2024

**विषय :- एम.एस स्क्रेप/लो वैल्यू सामान के निपटान हेतू निविदा।**

महोदय ,

हमारे संस्थान मे पुराना अप्रयोज्य एम.एस स्क्रेप/लो वैल्यू समान पडा हुआ है, जिसको उच्चतम दर से ब्रिकी करना है। आपसे अनुरोध है कि अपनी उच्चतम दर **(अंको व शब्दों मे)** निम्न प्रारूप मे भरकर या अपने लैटर हैड पैड पर भरकर दिनॉक 07.11.24 तक सील्ड लिफाफे मे केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान, सहारनपुर के नाम पर भण्डार ऍव क्रय प्रभाग मे देने की व्यवस्था करे।

निविदा प्राप्ती दिनॉक 07.11.2024 को दोपहर 1 बजे तक ही अनुमन्य है। प्राप्त निविदायें दिनॉक 07.11.2024 को सॉय 3.30 बजे भण्डार ऍव क्रय प्रभाग मे निविदादाताओ के सामने, यदि उपलब्ध हो, खोली जायेगी।

| क.स. | विवरण (जहा है जैसा है) | दर प्रति किलो (अंको मे) | दर प्रति किलो ( शब्दों मे) | निविदादाता के हस्ताक्षर तथा फर्म की मुहर |
|---|---|---|---|---|
| **01** | Iron Scrap | | | |
| **02** | Broken Wood Furniture | | | |
| **03** | Plastic | | | |
| **04** | News Paper | | | |
| **05** | Card Board(Corrugated) | | | |
| **06** | Cardboard Plain | | | |
| **07** | Paper | | | |

उच्चतम दर के आधार पर आपको निपटान आदेश जारी किया जायेगा।
धन्यवाद।

<u>अनुभाग अधिकारी (भण्डार ऍव क्रय)</u>

<u>सामान्य नियम एवॅ शर्ते</u>

**1.** निविदा मुहरबंद लिफाफे में वैध **वस्तु एवं सेवा कर(जीएसटी)** नं0 व टेक्स स्टेटमेंट की छाया प्रति एवं PAN के साथ संलग्न करके जमा करनी आवयक **है** और **निविदादाता को "जीएसटी" मे पंजीकृत होना अनिवार्य है।** खुली निविदा मान्य नहीं होगीं।

**2.** सामान जहाँ है जैसा है के आधार पर एक्स–गोदाम केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान, सहारनपुर में दिया जायेगा।

**3.** सरकारी कर आदि जो भी लागू होगा अलग से देय होगा।

**4.** खरीददार सामान का मुआयना किसी भी कार्य दिवस में अपराह्न 3 से 5 बजे तक के बीच या उससे पहले संस्थान में आकर कर सकते हैं। किसी भी तरह की शिकायत निविदा जमा होने, निविदा खुलने या सामान उठाने के समय स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा जमा होने के बाद किसी भी तरह की सामान देखने की अर्जी स्वीकार नहीं की जायेगी।

**5.** निविदा में दर अंकों एवं भाब्दों में साफ–साफ लिखी होनी चाहिये जिसमें कर सम्मिलित नहीं होना चाहिये। निविदा में लिखी गई राशि में किसी तरह की ओवर राइटिंग या कटिंग बिना निविदादाता के हस्ताक्षर के मान्य नहीं होगी। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा रद्द कर दी जायेगी। यदि अंको और भाब्दों, मे किसी तरह की असमानता पाई जाती है तो दोनो में जो भी अधिक होगी वही दर मान्य होगी।

**6.** निविदा, निविदा खुलने के दिन से 60 दिन तक के लिए मान्य होगी।

**7.** निविदादाता को **Rs.15,000/-** धरोहर राशि को EMD के रूप मे निदेशक, केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान, सहारनपुर के पक्ष मे अलग से DD जमा करना होगा। बिना धरोहर राशि के निविदा निरस्त कर दी जाएगी। जमा धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

**8.** सफल निविदादाता के द्वारा **शेष धनराशि, बैंक ट्रान्सफर/ NEFT/ RTGS के माध्यम से Central बैंक खाता सं.-3067172788, IFSC-CBIN0281443,** मे केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान, सहारनपुर के पक्ष मे जमा करने के उपरांत ही आबंटित सामग्री को पत्र जारी जोने के 10 दिन के अंदर उठाने की अनुमति दी जाएगी। यदि सफल निविदादाता के द्वारा आबंटित सामग्री को दिये गए समय के अंदर नहीं उठाता है तो सामग्री द्वारा घिरे हुए जमीन के क्षेत्रफल का किराया निदेशक द्वारा निर्धारित दर के अनुसार प्रतिदिन व लॉट के हिसाब से वसूला जाएगा। यदि सामग्री वर्णित समय मे नही उठाई जाती है तो उसे छोड़ी गयी लॉट माना जाएगा और लॉट के लिए जमा की गयी धरोहर राशि या अन्य कोई धन, बिना खरीददार के संदर्भ के जब्त कर ली जाएगी। ऐसी छोड़ी गयी लॉट को पुनः बेचने का अधिकार संस्थान के पास सुरक्षित है।

**9.** सामग्री को उठाने के लिए प्रत्येक कार्य दिवस मे प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक ही अनुमति प्रदान की जाएगी। सामग्री निपटान के लिए संस्थान परिसर मे किसी प्रकार की छंटाई की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**10.** सामान का गलत विवरण या किसी तरह की मात्रा में गलती बिक्री को प्रभावित नहीं करेगी। खरीददार को निविदा में वर्णित वजन/संख्या कम होने पर आनुपातिक रूप से धन वापसी नहीं की जायेगी।

**11.** निविददाता को स्क्रेप की शुद्ध वजन/ लॉट' की कीमत बैंक मे निदेशक, केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान, सहारनपुर के पक्ष मे जमा करके RTGS/NEFT की रसीद जमा करने के उपरांत ही उठाने की अनुमति दी जाएगी व मजदूर, ट्रॉसपोर्ट आदि का प्रबंध खरीददार को स्वंय अपने खर्च व दायित्व पर करना होगा।

**12.** निविदा में दिया गया पता ही भविश्य में किए जाने वाले प्रत्राचार के लिए प्रयोग किया जायेगा। यदि पता गलत होने के कारण किसी तरह का नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं खरीददार की होगी।

**13.** असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि सफल निविदादाताओं के सामान उठा लेने के आदेश जारी होने के बाद वापस कर दी जायेगी।

**14.** सभी तरह से पूर्ण निविदा लिफाफे पर निविदा सूचना सं. मद की क्रम सं. व नाम सभी देय तिथि लिखकर धरोहर राशि के साथ **दिनॉकः नवम्बर 07, 2024 को अपराह्न 1.00 बजे** तक ही प्राप्त की जायेगी

**15.** देरी से प्राप्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी। और बिना उपयुक्त धरोहर राशि के प्राप्त निविदा सीधे निरस्त कर दी जायेगी।

**16.** प्राप्त निविदाए नियत दिनांक एवं समय पर **दिनांक:- नवम्बर 07, 2024 समय; 3.30 बजे** निविददाताओं की उपस्थिति मे खोली जाएंगी।

**17.** निदेशक, केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान, सहारनपुर को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये रद्द करने का पूर्ण अधिकार है।